नई दिल्ली
02-11-2020

प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने "सतर्क भारत, समृद्ध भारत" विषय पर वर्ष 2020 हेतु 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अपने मुख्यालय, दिल्ली तथा अपने अन्य क्षेत्रीय एवं प्रतिनिधि कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का आयोजन किया। ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर बैंक के सभी अधिकारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के साथ किया गया। रा.आ.बैंक ने सभी आवास वित्त कंपनियों एवं बैंक से व्यावसायिक संबंध रखने वाली एजेंसियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अनुसरण करने हेतु रा.आ.बैंक प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के लिये प्रोत्साहित किया। इस वर्ष के विषय पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर बनाना, स्लोगन लेखन तथा निबंध लेखन का आयोजन अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ रा.आ.बैंक के सहायक कर्मचारियों के लिए किया गया। प्रतियोगिताओं में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समापन कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर 02.11.2020 को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सतर्कता आयुक्त, केंद्रीय सतर्कता आयोग, श्री सुरेश एन पटेल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री एस के होता, प्रबंध निदेशक, रा.आ.बैंक ने सभी अधिकारीगण को संबोधित करते हुए मुख्य

अतिथि का अभिवादन किया। सतर्कता आयुक्त ने रा.आ.बैंक के अधिकारियों को संबोधित करते हुए नैतिकता को अपनाने तथा संगठन में सतर्कता की संस्कृति के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कुशल हाउसकीपिंग उपायों, आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार, समय रहते कार्य करने तथा लागत को बढ़ने से रोकने के लिए बैंक के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की महत्ता पर भी जोर दिया। श्री एस के नागपाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, रा.आ.बैंक ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया तथा उन्हें आश्वासित किया कि रा.आ.बैंक सतर्कता बरतने के दृष्टिकोण में हमेशा सक्रिय रहा है और आगे भी रहेगा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह एवं पुरस्कार विजेता प्रविष्टियों की वर्चुअल प्रदर्शनी के साथ हुआ।

बैठक में बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों एवं अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

****